25/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित पहले सिविल इन्वेस्टिचर समारोह में अरुणाचल प्रदेश के प्रख्यात समाजसेवी तेची गुबिन को पद्म श्री से सम्मानित किया। श्री गुबिन इस वर्ष पद्म पुरस्कारों के लिए चयनित एक सौ तेरह विशिष्ट हस्तियों में शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त चीफ़ आर्किटेक्ट को जनसेवा, नेतृत्वकारी भूमिकाओं, देशभर के जनजातीय समुदायों के समग्र विकास, दोन्यी-पोलो आस्था की संरक्षण तथा जमीनी स्तर पर स्वदेशी परंपराओं के संवर्धन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज जूनियर इंजीनियर संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 में सफल चार सौ चार अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश वितरण एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता-आधारित भर्ती प्रणाली सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह परीक्षा अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग - APPSC द्वारा आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियर्स और उनके परिवारजनों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अभ्यर्थियों की मेहनत, योग्यता तथा परिवार के अटूट

सहयोग का परिणाम है। उन्होंने की पारदर्शी और समयबद्ध परीक्षा प्रक्रिया की सराहना की। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से नव-नियुक्त इंजीनियर्स को फील्ड पोस्टिंग से पहले व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी।

0000000000000000000000000

जिला प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA), कैपिटल ईटानगर ने निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आपात सुरक्षा एवं शमन उपायों को तेज कर दिया है। कैपिटल उपायुक्त तोको बाबू, एसपी ईटानगर जुम्मार बासार सहित अन्य अधिकारियों की संयुक्त निरीक्षण टीम ने कल ईटानगर स्थित सिद्धार्थ विहार हॉल के पीछे भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया तथा तत्काल निवारक उपायों की समीक्षा की। भूस्खलन संभावित क्षेत्र से उत्पन्न गंभीर खतरे को देखते हुए BNSS 2023 की धारा एक सौ बावन तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा तीस के तहत सिद्धार्थ हॉल के नीचे और आसपास रहने वाले निवासियों को चौबीस घंटे के भीतर संवेदनशील स्थान खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच DDMA ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र की लगातार निगरानी की जा रही है तथा लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और सुरक्षित स्थानों पर जाकर अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की गई है।

000000000000000000000000000

भारत निर्वाचन आयोग ने अरुणाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए द्विवार्षिक चुनाव कराने का निर्णय लिया है, क्योंकि राज्य से निर्वाचित राज्यसभा के एक सदस्य का कार्यकाल आगामी तैइस जून को समाप्त हो रहा है। आयोग ने निर्देश दिया है कि मतपत्र पर वरीयता अंकित करने के लिए केवल रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा उपलब्ध कराए गए निर्धारित विनिर्देश वाले एकीकृत बैंगनी रंग के स्केच पेन का ही उपयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य पेन का उपयोग मान्य नहीं होगा। आयोग ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर चुनाव प्रक्रिया की कड़ी निगरानी के पर्याप्त उपाय किए हैं।

000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग - APSCW ईटानगर, राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से आगामी उन्तीस मई को डिप्टी कमिश्नर कैंप कार्यालय, IG पार्क, ईटानगर में एक दिवसीय "जन सुनवाई - राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा हैं। आयोग ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर बुधवार से ईटानगर और ज़ीरो के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगी। आयोग ने पीड़ित महिलाओं से आगे आकर वॉक-इन शिकायत दर्ज कराने अथवा परामर्श प्राप्त करने के लिए जन सुनवाई में शामिल

होने की अपील की है। आम जनता को भी अपनी शिकायतों से संबंधित दस्तावेजों के साथ जन सुनवाई में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है ताकि शिकायतों का प्रभावी और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

0000000000000000000000000000

तवांग जिला पुलिस ने आज वेस्ट कामेंग जिले के बोमदिर नालाह ब्रिज पर सघन ILP जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान राज्य में प्रवेश करने वाले पर्यटक वाहनों की ILP, वाहन दस्तावेजों तथा किसी भी अवैध या मादक पदार्थ की गहन जांच की गई। जांच के दौरान तीन ILP उल्लंघनकर्ताओं का पता चला, जिन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भेजा गया, जबकि मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वाले चार लोगों के खिलाफ चालान जारी किए गए। इस बीच गृह राज्य मंत्री मामा नातुङ ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस अभियान में सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने वाले सभी पुलिसकर्मियों के प्रयासों की सराहना की।

0000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के लोअर सियाङ ज़िले के लिए ऑरेंज एवं अन्य सोलह ज़िलों ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, पाक्के केसाङ, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, सियाङ, अपर सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लेपा रादा, लोहित, नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग

अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज से बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

000000000000000000000000000